आईआईएम में चिंतन शिविर, गुड से बेस्ट गवर्नेंस की ओर साय सरकार

सीएम व मंत्री बने छात्र... नीति-निर्माण और उसके क्रियान्वयन पर फोकस रहा

रायपुर| साय सरकार गुड गवर्नेंस से बेस्ट गवर्नेंस की दिशा में आगे बढ़ रही है। इसी उद्देश्य को लेकर सीएम विष्णुदेव साय समेत सरकार के तमाम मंत्री दो दिन तक आईआईएम में मैनेजमेंट के स्टूडेंट बने रहे। इस दौरान उन्होंने विषय विशेषज्ञों से नीति निर्माण के साथ ही उसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी सीखी। दो दिवसीय चिंतन शिविर में सरकार के मंत्रियों ने प्रबंधन की बारीकियां, सहयोग, नवाचार और दूरदर्शिता, राज्य के समृद्ध और समावेशी भविष्य के लिए आवश्यक सुधारों के बारे में विचार-विमर्श किया। शेष | पेज 15

कारगर साबित होगा यह चिंतन शिविरः साय

सीएम साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में खनिज और वन संपदा का भंडार है। गुड गवर्नेंस के माध्यम से हम हमारे प्रदेश को विकास की दृष्टि से बहुत आगे ले जा सकते हैं। प्रधानमंत्री का 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प है, जिसमें छत्तीसगढ़ को भी हमें विकसित प्रदेश बनाना है। ये चिंतन शिविर विकसित छत्तीसगढ़ के हमारे विजन में बहुत ही कारगर साबित होगा।

Dainik Bhasker, 02 June 2024,p. 01